मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-425
02/10/2022

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2022 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्री रविन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******